Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 10-05-2005

Participants : Mahto Shri Tek Lal

Title: Need to take steps to check pollution caused due to mining activities by CCL in Bokaro district, Jharkhand.

श्री टेक लाल महतो (गिरिडीह) : अध्यक्ष महोदय, सदन के माध्यम से मैं केन्द्र सरकार को अवगत कराना चाहता हूं कि झारखंड राज्य के बोकारों जिला स्थित सी0सी0एल0 द्वारा कोयला उत्खनन एवं ढुलायी के कारण गोविंदपुर, कठाहारा, बोडिया, जंरगडीह, असनापानी, जरीडीह, कारो, बैदकारों, अगलों, धुठीयाटांड, कुरकपनिया, बेरमों वस्ती, चार नंबर, तुरीयो, तारमी, भड़ारीदाह, कल्याणी, राजाबेड़ा, चन्द्रपुरा, फुसरो, दुग्दा, करमाटांड, सिजुवा तथा इनके बीच में बसी कालोनियों में कोयले की ढुलायी एवं डी0 वी0सी के बी0टी0पी0एस एवं सी0टी0पी0एस0 की छायी की ढुलायी से वहां पर्यावरण भारी दूति हो रहा है। तरह तरह की बीमारियां हो रही हैं। कुआं, तालाब का पानी प्रदूति हो गया है। खेती योगय जमीन बंजर हो गए हैं। सड़क से गुजरने वाले ट्रकों से उड़ने वाली छायी के कारण वहां के लोगों का सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है तथा वहां वाहन दुर्घटना से रोज लोग मर रहे हैं। प्रतिदिन दुर्घटनायें हो रही हैं।

अतः वहां प्रदूाण को रोकने हेतु उचित कदम उठाने की कृपा करें।